कार्यालय वन संरक्षक, आगरा वृत्त, आगरा ।

पत्रांक 3081 /14–1 ,आगरा, दिनांक, 25 ,जनवरी, 2019

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय :– जनपद मथुरा में मथुरा–वृन्दावन मार्ग (एम0डी0आर0–123) कि0मी0–5 (चैनेज–4.246) ग्राम अहिल्यागंज बॉगर के प्लाट संख्या–183 / 100 / 5 पर भारत पैट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड, मथुरा द्वारा प्रस्तावित रिटेल आउटलेट (डीजल / पैट्रोल पम्प) के सम्पर्क मार्ग निर्माण हेतु 0.040988 हे0 संरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– आपका पत्रांक 1387 / 11–सी–FP/UP/OTHERS/35033/2018 दिनांक 11.01.2019 एवं प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा का पत्रांक 2419 / 14–1 दिनांक 16.01.2019

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रस्ताव में आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा लगाई गई आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा के सन्दर्भित पत्र द्वारा इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। प्राप्त सूचना के आधार पर बिन्दुवार निराकरण संस्तुति सहित निम्न प्रकार प्रेषित है :–

क्र0 सं0	विवरण	आख्या
1.	प्रस्ताव में खतौनी संलग्न नहीं की गयी है। अतः प्रभागीय निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराकर खतौनी संलग्न करें।	प्रश्नगत स्थल मथुरा–वृन्दावन नगर निगम की सीमा के अन्तर्गत है। पूर्व में नगर पालिका परिषद, मथुरा के द्वारा भू–स्वामी को दिए गए नोटिस खारा की प्रभागीय निदेशक, मथुरा द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित प्रति संलग्न है।
2.	प्रस्तावित वनभूमि का 1:50000 माप की टोपोशीट संलग्न है, किन्तु उस पर शीर्षक अंकित नहीं है।	प्रश्नगत आपत्ति का निराकरण कर अभिलेख प्रस्ताव के साथ संलग्न है।
3	पृष्ठा सं0–40 पर संलग्न लीज अवधि सम्बन्धी प्रमाण पत्र की आवश्यकता न होने के कारण प्रस्ताव से पृथक करें।	प्रस्ताव में से पृष्ठ सं0–40 को पृथक कर दिया गया है।

अतः आपत्तियों के निराकरण से सम्बन्धित अभिलेख 03 प्रतियों में संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि प्रस्ताव पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(जावेद अख्तर)
वन संरक्षक,
आगरा वृत्त, आगरा।

पत्रांक / समदिनांकित ।

प्रतिलिपि प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मथुरा को उनके सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(जावेद अख्तर)
वन संरक्षक,
आगरा वृत्त, आगरा।